**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तरालेख:-**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 8 (क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड बिसवां में स्थाई बस अड्डा न होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जी नहीं।<br><br>वर्तमान में बिसवां में शत्रु सम्पत्ति की भूमि पर निगम का बस स्टेशन संचालित हैं, जिसकी गाटा संख्या-1470क के कुल रकबा 2.416 हे0 में से 0.4200 हे0 पर परिवहन निगम को जिला प्रशासन द्वारा किराये पर दिया गया है। उक्त भूमि पर परिवहन निगम का बस स्टेशन संचालित है। बस स्टेशन बिसवां की भूमि रू0 65.00 प्रतिमाह के किराये पर तत्कालीन राजकीय रोडवेज द्वारा दिनांक 29.05.1966 को प्राप्त की गयी थी। वर्तमान में इसका किराया रू0 500 प्रतिमाह है। अत: उक्त बस स्टेशन किराये पर स्थायी रूप से संचालित है। जहाँ से लोगों को परिवहन सेवा सुचारू रूप से उपलब्ध करायी जा रही है। |
| (ख) उक्त समस्या के निदान हेतु बिसवां में स्थायी बस अड्डो का निर्माण करायेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।